CS (Main) Exam:2015

C–AVZ–O–QTZB

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल आठ प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू॰ सी॰ ए॰) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

# PSYCHOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS

## खण्ड—A / SECTION—A

1\. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* 'समूह सोच (ग्रूप थिंक)' की परिघटना से आप क्या समझते हैं? यह समूह निर्णयन की गुणता को किस प्रकार प्रभावित कर सकता है?

What is the phenomenon of 'group think'? How can it influence the quality of group decision making? 10

*(b)* देशज ज्ञान तंत्र पर्यावरणीय निम्नीकरण से किस भाँति संबंधित हैं? उन कुछ मनोवैज्ञानिक प्रक्रमों का उल्लेख कीजिए, जो पर्यावरण अभिवृत्तियों एवं मूल्यों में अन्तर्निहित हैं।

How are indigenous knowledge systems related to environmental degradation? Mention some psychological processes underlying environmental attitudes and values. 10

*(c)* भारतीय विद्यालयों में शैक्षिक न्यून-लब्धि से निपटने हेतु जिन युक्तियों का उपयोग किया जा सकता है, उनका विवेचन कीजिए।

Discuss some strategies for dealing with academic underachievement in Indian schools. 10

*(d)* हृदय रोग एवं कैंसर जैसी अन्त्य बीमारियों से संबंधित प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक निरोधक प्रोग्रामों में मनोवैज्ञानिक क्या भूमिका निभा सकते हैं?

What role can psychologists play in primary, secondary and tertiary prevention programmes in relation to terminal illness such as coronary heart disease and cancer? 10

*(e)* सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक सुविधावंचितताओं को 'अभाव' एवं 'भिन्नता' के परिप्रेक्ष्य में देखा गया है। प्रत्येक उपागम का उदाहरण देते हुए दोनों के मध्य अंतर की विवेचना कीजिए और उनके निहितार्थों को बताइए।

Socioeconomic and educational disadvantages have been viewed from 'deficit' as well as 'difference' perspectives. Citing examples of each approach, discuss the difference between the two and their implications. 10

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS

2\. *(a)* क्या उपलब्धि से संबंधित स्वयं-पूरक भविष्यवाणी (सेल्फ-फुलफ़िलिंग प्रोफ़ेसी) की धारणा उपलब्धि में लिंग-आधारित भिन्नताओं को संतोषजनक रूप से व्याख्यायित करती है?

Does the notion of self-fulfilling prophecy relating to achievement satisfactorily explain gender differences in achievement? 15

*(b)* आर्थिक विकास एवं मानव कल्याण के मध्य संबंध का आलोचनात्मक मूल्यांकन, सुख-शांति पर किए गए समकालीन अनुसंधान के आलोक में कीजिए।

Critically evaluate the relationship between economic growth and human well-being in the light of contemporary research on happiness. 15

*(c)* आर्थिक विकास के साथ-साथ उपलब्धि की आवश्यकता, संबंधन की आवश्यकता एवं शक्ति की आवश्यकता के बीच क्या संबंध पाया गया है? भारतीय समाज के संदर्भ में इन निष्कर्षों की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए।

What is the relationship that has been found between need for achievement, need for affiliation and need for power with economic development? Discuss the relevance of these findings in the context of Indian society. 20

**3.** *(a)* क्या आपके विचार में कार्मिक चयन की प्रभावकारिता बहुलित विधियों के उपयोग करने से बढ़ाई जा सकती है?

Do you think that efficacy of personnel selection can be improved by using multiple methods? 15

*(b)* व्यवहार चिकित्साओं में अंतर्निहित अधिगम सिद्धान्तों को स्पष्ट कीजिए। छात्रों को सामाजिक दुश्चिन्ता से पार पाने में संज्ञानात्मक चिकित्सा एवं व्यावहारिक चिकित्सा की सापेक्षिक प्रभावकारिता का परीक्षण कीजिए।

Elucidate the learning principles underlying behaviour therapies. Examine the relative efficacy of cognitive therapy and behaviour therapy in helping students overcome social anxiety. 15

*(c)* क्या कारण है कि भारतीय कक्षाओं में अध्यापन-अधिगम प्रक्रमों में अध्यापक-केंद्रित होने की प्रवृत्ति है? यदि ज्ञान को एक रचनात्मक प्रक्रम के रूप में देखा जाए, तो ग्रामीण भारतीय विद्यालयों के लिए किस तरह की कक्षा अधिक समुपयुक्त होगी?

Why do teaching-learning processes in Indian classrooms tend to be teacher-centred? If knowledge is viewed as a constructive process, what kind of classroom would be suitable for rural Indian schools? 20

**4.** *(a)* भारतीय सैनिक देश की रक्षा उत्कट और कभी-कभी प्रतिकूल भौतिक परिस्थितियों में करते हैं। किन प्रकारों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं का अनुभव उनको करना पड़ सकता है?

Indian soldiers defend the country in extreme and, at times, hostile physical environments. What kinds of psychological problems are they likely to experience? 15

*(b)* एच० आइ० वी०/एड्स से बीमार व्यक्तियों के प्रबन्धन एवं पुनर्वासन में मनोवैज्ञानिकों की क्या विशिष्ट भूमिका हो सकती है?

What specific role can psychologists play in the management and rehabilitation of persons suffering from HIV/AIDS? 15

*(c)* सामाजिक अस्मिता थियोरी के अनुसार सामाजिक वर्गीकरण व विभेदीकरण प्रक्रम, अन्तःसामूहिक द्वन्द्वों से जुड़े पाए गए हैं। उपलब्ध अनुसंधान साक्ष्य के आधार पर इस थियोरी का मूल्यांकन कीजिए।

According to Social Identity Theory, social categorization and differentiation processes are implicated in intergroup conflict. Evaluate the theory against available research evidence. 20

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* कहाँ तक आप सहमत होंगे कि मानव संसाधन विकास मानव मूल्यों के अंतर्निवेशन के बारे में अधिक है और सक्षमताओं के विकास के बारे में कम?

To what extent would you agree that human resource development is more about inculcation of human values and less about development of competencies? 10

*(b)* उन मनोवैज्ञानिक प्रणालियों की विवेचना कीजिए, जिनके माध्यम से टेलीविज़न देखना बच्चों में आक्रामकता एवं उपभोग-व्यवहार को प्रभावित करता है।

Discuss the psychological mechanisms by which television viewing affects aggression and consumer behaviour in children. 10

*(c)* किस प्रकार 'अष्टांग योग' सम्पूर्ण स्वास्थ्य की प्राप्ति में सहायक हो सकता है? अपने उत्तर के समर्थन में शोध साक्ष्य प्रस्तुत कीजिए।

How can 'Ashtanga Yoga' help in fostering holistic health? Support your answer with research evidence. 10

*(d)* भारतीय युवाओं में पदार्थ-दुरुपयोग (सब्स्टेंस अब्यूज़) लगातार बढ़ रहा एक तथ्य है। पदार्थ-दुरुपयोग के मनोवैज्ञानिक कारण एवं उसके हस्तक्षेपी उपायों की विवेचना कीजिए।

Substance abuse is a growing phenomenon among Indian youths. Discuss the psychological causes of and intervention measures for substance abuse. 10

*(e)* किस प्रकार मनोवैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग उन बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु किया जा सकता है, जिनका झुकाव 'जंक फूड' के खाने की ओर है?

How can psychological knowledge be put to use in changing the behaviour of children inclined to consume 'junk food'? 10

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS

6. *(a)* भारतीय रक्षा कार्मिकों में अवसाद अनुभव की प्रवृत्ति है, जिसके कारण कभी-कभी वे आत्महत्या कर लेते हैं। इन लोगों के सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य-वर्धन हेतु किस प्रकार के मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप किए जा सकते हैं?

Indian defence personnel tend to experience depression, sometimes leading to suicides. What type of psychological interventions can foster positive mental health in them? 15

*(b)* "संगठनों में काँचीय छत प्रभावों (ग्लास सीलिंग इफेक्ट) की जड़ें समाजीकरण एवं परिवार में होती हैं।" इसकी विवेचना लैंगिक भूमिकाओं के विकास के मनोवैज्ञानिक आधारों के संदर्भ में कीजिए।

"Glass ceiling effects in organizations are rooted in socialization and family." Discuss with reference to the psychological bases of gender role development. 15

(c) यह पाया गया है कि सामाजिक परिवर्तन हेतु सांस्कृतिक कारकों की सहायता ली जा सकती है। सरकार के 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने में किन सांस्कृतिक कारकों की सहायता ली जा सकती है और कैसे?

It has been found that cultural factors can be used to facilitate social change. What cultural factors can be made use of, and how, in making a success of the governmental programme called 'Swacch Bharat Abhiyan'? 20

**7.** (a) गत वर्षों में भारत में धार्मिक हिंसा में केवल न्यूनतम ह्रास ही दृष्टिगोचर हुआ है। कौन-से सामाजिक व मनोवैज्ञानिक कारक इसकी सर्वाधिक अच्छी व्याख्या करते हैं?

Religious violence in India has shown only a marginal decline over the years. What social and psychological factors explain it the most? 15

(b) भारत में जनसंख्या वृद्धि गुणारोपण, आस्थाओं एवं मूल्यों के मनोवैज्ञानिक प्रक्रमों से किस प्रकार प्रभावित होता है? इन प्रक्रमों के भारत में जनसंख्या शिक्षा हेतु संभावित निहितार्थों की विवेचना कीजिए।

How is population growth in India affected by psychological processes of attribution, beliefs and values? Discuss possible implications of these processes for population education in India. 15

(c) सिविल सेवाओं के लिए अभिरुचि आकलन के परीक्षण का निर्माण आप किस प्रकार करेंगे? विस्तार से चर्चा कीजिए।

How will you go about constructing a test for assessing aptitude for Civil Services? Discuss the details. 20

**8.** (a) मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का इस्तेमाल करते समय मनोवैज्ञानिकों द्वारा किन महत्त्वपूर्ण नैतिक सिद्धान्तों का पालन करना आवश्यक है?

What are some important ethical principles that psychologists must adhere to while making use of psychological tests? 15

(b) मनोवैज्ञानिकों ने हाल में एक विकार की पहचान की है, जिसे वे 'इन्टरनेट-व्यसन (इन्टरनेट-एडिक्शन)' कहते हैं। इसकी पहचान के क्या लक्षण हैं? इससे ग्रस्त रोगी की सहायता किस प्रकार की जा सकती है?

Psychologists have recently identified a disorder which they term 'internet-addiction'. What are its presenting features? How can those suffering from this addiction be helped? 15

(c) भारत में जनजातीय बच्चे आंशिक रूप से इसलिए सुविधावंचित हैं क्योंकि उनकी शिक्षा में उनकी भाषा व संस्कृति की उपेक्षा की जाती है। ऐसे सुविधावंचन से निपटने हेतु किस प्रकार जनजातीय बच्चों के लिए शिक्षा में सुधार लाया जा सकता है?

Tribal children in India are disadvantaged partly because of the neglect of their language and culture in education. How can education for tribal children be reformed to deal with such disadvantage? 20

★★★

SKR IAS
SHREE KRISHNA RADHE IAS